# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 27.10.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला,तरुण मित्र,आई नेक्स्ट,," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला –दि0 27.10.2025

विकास

सुंदरीकरण के लिहाज से वीडीए की योजना ले रही मूर्त रूप

## शहर के एंट्री पॉइंट पर धर्म-विज्ञान की झलक

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** शहर के एंट्री पॉइंट पर धर्म से लेकर विज्ञान तक की झलक दिख रही है। सुंदरीकरण के लिहाज से वीडीए की ओर से इसकी योजना बनाई गई है और अब ये मूर्त रूप लेने लगी है।

शहर के चारों ओर उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी और पश्चिम की ओर से शहर आने वाले एंट्री पॉइंट पर खास स्कल्पचर लगाए गए हैं। ताकि आने वालों को यहां की धर्म, कला और संस्कृति की झलक दिखाई पड़े। इसके लिए पूरी कार्ययोजना पर काम चल रहा है।

इन स्कल्पचर के अलावा पेंटिंग भी कराई जा रही है। बाबतपुर के आसपास पेंटिंग कराई गई। इसके अलावा कई अन्य आकृतियां लगाई गई हैं। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि 27 स्थानों पर जल्द ही स्कल्पचर लगाए जाएंगे।

इसके साथ ही लैंडस्केपिंग, हरियाली, रात्रि प्रकाश व्यवस्था जैसे सुंदरीकरण के अन्य पहलुओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। शहर की सड़कों, चौराहों, विभिन्न प्रमुख स्थानों पर इन स्कल्पचर के जरिये स्थानीय पहचान को कलात्मक स्वरूप दिया गया है। ये कलाकृतियां पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती हैं।



बाबतपुर ओवरब्रिज के नीचे नंदी का स्कल्पचर।



बाबतपुर मार्ग पर लगा स्कल्पचर। *संवाद*

### तरुण मित्र –दि0 27.10.2025

## व्यवसायिक भवनों के बेसमेंट का प्रयोग अन्य कार्यों में पाए जाने पर कईयों को नोटिस जारी : सचिव डा. वेद प्रकाश

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** सचिव, वाराणसी विकास प्राधिकरण डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2018-17 में लोक निर्माण विभाग के नियंत्रणाधीन आशापुर चौराहे से पंचकोसी चौराहा सब्जी मण्डी तक के रोड के पटरियों पर एवं प्राधिकरण द्वारा विकसित लालपुर आवासीय योजना में पंडित दीन दयाल हस्तकला संकुल रोड के किनारे साइकिल ट्रैक का निर्माण कराया गया था। आशापुर चौराहे से पंचकोसी चौराहा सब्जी मण्डी तक अत्याधिक यातायात दबाव के कारण निर्मित साइकिल ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गये हैं। लालपुर आवासीय योजना के निवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि पंडित दीन दयाल हस्तकला संकुल रोड पर निर्मित साइकिल ट्रैक का कुछ भाग प्रवासी भारतीय सम्मेलन के दौरान अत्याधिक यातायात के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था।

डा. वेद प्रकाश मिश्रा सचिव, वाराणसी विकास प्राधिकरण ने इमारतें ऊंची, पार्किंग तंग सड़कों पर होने से रोजाना मचती जंग, व्यावसायिक इमारतों में बड़ी के बाद कुछ दिन तक चलता है अभियान आदि की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बताया कि अम्बरीश सिंह द्वारा वुडलैण्ड शोरूम, गुरुधाम चौराहा पर पूर्व निर्मित भवन के बेसमेन्ट में दुकानों का निर्माण किया गया है। मौके पर कोई स्वीकृति नहीं दिखायी गयी, जिसके कारण उ0प्र0 नगर नियोजन एंव विकास अधिनियम



वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा

1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी है। आशापुर स्थित दीर्घायु हास्पिटल का स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल पर हास्पिटल संचालक/ प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि हॉस्पिटल पीछे के भाग में पार्किंग की सुविधा प्रदान की जा रही है, जबकि हॉस्पिटल के बेसमेन्ट का प्रयोग हास्पिटल के अन्य कार्य हेतु किया जा रहा है। हॉस्पिटल की वैधता प्रस्तुत करने एवं हॉस्पिटल के अग्रभाग में किसी भी प्रकार की पार्किंग न करने हेतु निर्देशित किया गया है। भोजूबीर स्थित महावीर मंदिर रोड पर इनफिनिटी हॉस्पिटल के बेसमेन्ट में मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा है एवं इलेक्ट्रीक रूम बनाया गया है। स्थल पर अवगत कराया गया कि हास्पिटल हेतु पार्किंग बगल में बनाया गया है। हॉस्पिटल की वैधता प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। सुद्धिपुर, बाईपास पर पूर्व निर्मित भवन में ग्रेट ईस्टर्न शो रूम का संचालन किया जा रहा है तथा बेसमेन्ट में सरिया की दुकान का संचालन किया जा रहा है। निर्माण की वैधता प्रस्तुत करने हेतु निर्माणकर्ता गौतम जायसवाल को भी निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार हरि पटेल द्वारा जंगमवाड़ी, गोदौलिया चौराहे के आगे पूर्व निर्मित भवन के बेसमेन्ट में रेस्टोरेन्ट एवं साड़ी की दुकान का संचालन किया जा रहा है। विनय श्रीवास्तव द्वारा अर्दली बाजार में पूर्व निर्मित भवन के बेसमेन्ट में दुकान का संचालन किया जा रहा था तथा लक्ष्मी देवी, बड़ी पियरी बेनियाबाग चौक में पूर्व निर्मित भवन के बेसमेन्ट में दुकान का संचालन किया जा रहा था। सभी को निर्माण की वैधता प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## आई नेक्स्ट –दि0 27.10.2025

# नेट जीरो लाइब्रेरी है बेजोड़

**GOOD NEWS**

**रिवर्स डिजिटल टाइमर से अपडेट लाइब्रेरी, हर पल की मिल रही जानकारी**

varanasi@inext.co.in

VARANASI (26 Oct ): नेट जीसे लाइब्रेरी बहुत ही बेजोड़ है. ग्रीन एनर्जी और कार्बन फ्री एटमॉस्फेयर से लैस इस लाइब्रेरी में रिवर्स डिजिटल टाइमर" लगाया गया है जो हर पल लोकेट हो रहा है. प्रदेश की पहली ऐसी लाइब्रेरी है जो डिजिटल टेक्नालॉजी से युक्त है. "रिवर्स डिजिटल टाइमर" जो प्रत्येक बीतते पल को पूर्ण रूप से प्रदर्शित हो रहा है. वर्तमान में रिवर्स डिजिटल टाइमर पर 31 दिन, 17 घंटे, 05 मिनट और 01 सेकंड प्रदर्शित हो रहा है.

### क्या है नेट जीरो लाइब्रेरी


शहर में एक अभिनव पहल के अंतर्गत नेट जीरो लाइब्रेरी का निर्माण वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है. यह लाइब्रेरी पर्यावरणीय संतुलन, सांस्कृतिक चेतना एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का अद्भुत संगम है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की दिशा में अग्रसर करने के संकल्प के अनुरूप यह परियोजना एक मील का पत्थर सिद्ध होगी.

### ग्रीन एनर्जी के बीच पढ़ाई

बनारस के अर्दली बाजार स्थित एलटी कॉलेज परिसर में ऑपरेट होने वाला यह पुस्तकालय फिलहाल तो काफी पुराना है, लेकिन अब इसका कायाकल्प हो रहा है.. कायाकल्प भी ऐसा कि यूपी में इसके जैसा पुस्तकालय नहीं होगा. जहां ग्रीन एनर्जी और कार्बन फ्री एटमॉस्फेयर में स्टूडेंट्स न सिर्फ पढ़ाई करेंगे, बल्कि हर विधा और विषय से संबंधित पुस्तकें भी उनके लिए उपलब्ध रहेंगी. यहां एक बार में 500 से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था है. इसके साथ ही 5000 पुस्तकों को एक साथ रखने की व्यवस्था है.

### लेटेस्ट लाइब्रेरी

एलटी कॉलेज में बन रहे लाइब्रेरी में सबकुछ डिजिटल किया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 करोड़ रुपये की लागत इस हाईटेक पुस्तकालय का शिलान्यास पिछले दिनों किया था. इसके कंस्ट्रक्शन का कार्य काफी तेजी से चल रहा है. इस लाइब्रेरी के निर्माण की जिम्मेदारी वाराणसी विकास प्राधिकरण को दी गई है. वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के नेतृत्व में कार्य चल रहा है.




नेट जीरो लाइब्रेरी.

### लाइब्रेरी की खासियत

1. पुस्तकालय का फ्रंट गंगा नदी से प्रेरित है
2. इसकी वास्तुकला पारंपरिक पूजा स्थलों की झलक दिखेगी
3. दिन के वक्त लाइटिंग की जरूरत नहीं पड़ेगी.
4. अन्य कार्यों के लिए सोलर सिस्टम वर्क करेगा.
5. दो फ्लोर की लाइब्रेरी
6. ग्राउंड फ्लोर में मल्टीपर्पज हॉल, बच्चों के पढ़ने का एरिया, कैफेटेरिया एयर टॉय जोन होगा.
7. प्रथम फ्लोर पर 300 से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था वाला एजुकेशन एरिया, डिजिटल पुस्तकालय, ऐतिहासिक-सांस्कृतिक दीर्घा होगी.
8. सेकेण्ड फ्लोर में बिल्डिंग के मैनेजमेंट से जुड़े ऑफिसेज, जैव विविधता युक्त ग्रीन टैरेस छत भी अपने आप में बेहद खास होगी,
9. ग्रीन एनर्जी और ग्रीनरी से लैस होगी लाइब्रेरी
10. ऊर्जा दक्ष HVAC और लाइटिंग सिस्टम, पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सामग्री जल अपशिष्ट उपचार संयंत्र से लैस
11. रीयूज प्रणाली, चिल्ड वाटर सर्कुलेशन द्वारा 40 प्रतिशत तक ऊर्जा बचत, स्मार्ट जल निगरानी एवं रिसाव पहचान तंत्र होगी.

### मुख्य विशेषताएं

कुल क्षेत्रफल – 20,930 वर्ग फुट

उपयोगकर्ता क्षमता – 500 व्यक्ति

कुल पुस्तकें – 35,000 से अधिक

### पुराने स्ट्रक्चर को नया रूप

पूरी लाइब्रेरी ग्रीन एनर्जी से संचालित की जा रही है. यहां बिजली का कनेक्शन नहीं होगा. रेनवाटर हार्वेस्टिंग के जरिए लाइब्रेरी के पानी संचालन के काम को पूरा किया जाएगा. ग्रीनरी के साथ बेहतर तरीके से इसे बनाया जा रहा है. इस लाइब्रेरी के पुराने स्ट्रक्चर को नया रूप देकर एक बार में 500 लोगों के यहां बैठने का प्रबंध किया जा रहा जो अपने आप में बेहद खास होगा.



"एलटी कॉलेज में बन रहे नेट जीरो लाइब्रेरी में सबकुछ डिजिलाइजेशन किया जा रहा है. स्टूडेंट्स को पढ़ने से बेहतर सुविधाएं दी जा रही है. ग्रीन एनर्जी और कार्बन फ्री एटमॉस्फीयर के बीच बच्चे पढ़ाई करेंगे. 500 से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था है. इसके साथही 5000 पुस्तकों को एक साथ रखने की भी सुविधा है.

पुलकित गर्ग, वीसी, वीडीए